an>

Title: Need to name International Airport in Mumbai as Shri D.B. Patil Airport.

श्री कपिल मोरेश्वर पाटील (भिवंडी) : अध्यक्ष महोदया, महाराष्ट्र के नवी मुम्बई में नया अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा बनने जा रहा है, जो मुम्बई के पर्यटन के लिए बहुत बड़ा योगदान दे सकता है। लेकिन नवी मुम्बई में जहां एयरपोर्ट बन रहा है, वहां तीस साल पहले विकास के लिए महाराष्ट्र सरकार ने सिडको प्राधिकरण बनाया था और वहां के सारे किसानों की जमीनें अधिगृहीत की गई थीं और जमीन के एवज में किसानों को मुआवजे के रूप में पैसा देने की बात गवर्नमैन्ट ने की थी। लेकिन तत्कालीन भूतपूर्व सांसद, स्व. डी.वाई. पाटील जी ने, सरकार ने जमीन के एवज में पैसा देने की बात कही थी, उसे नकारा और उन्होंने सरकार के उस निर्णय के खिलाफ किसानों को साथ में लेकर एक आंदोलन छेड़ा। उस आंदोलन ने उग्र रूप धारण किया और पुलिस ने फायरिंग की, उस फायरिंग में बहुत सारे किसानों ने अपनी जान गंवाई। तब जाकर महाराष्ट्र सरकार ने एक ऐसा निर्णय लिया, जो देश में पहली बार लिया गया, तत्कालीन मुख्य मंत्री, श्री शरद पवार जी ने जमीन के एवज में 12.5 परसैन्ट विकसित जमीन किसानों को दी। अभी उसी विकसित जमीन पर हवाई अड्डा बन रहा है। वहां के किसानों का कहना है कि हमने इतना बड़ा आंदोलन कर के जो जमीन वापस ली थी, उस पर हवाई अड्डा बन रहा है। हमारे किसानों के नेता एवं भूतपूर्व सांसद दिवा पाटिल जी ने उसमें बहुत बड़ा योगदान दिया है। अगर सही मायने में आंदोलनों में जो पुलिस की गोलियों का शिकार बने हैं और जिन्होंने अपनी जान गंवाई है, उनको और स्वर्गीय दिवा पाटिल जी को श्रद्धांजलि देनी है तो जो हवाई अड्डा बन रहा है, उसको दिवा पाटिल जी का नाम देना जरूरी है। किसानों की ऐसी मांग है। आपके माध्यम से मैं सरकार से अनुरोध करूंगा कि उस हवाई अड्डे का नाम वहां के किसानों के लोकल नेता दिवा पाटिल जी के नाम पर रखने की कृपा करें।

माननीय अध्यक्ष : श्री श्रीरंग आप्पा बारणे एंव कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री कपिल मोरेश्वर पाटील द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।